पारिवारिक

निर्देशिका

पारिवारिक

निर्देशिका

अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर
सॉल्ट लेक सिटी, यूटाह
द्वारा प्रकाशित

© 2006 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा
सर्वाधिकार सुरक्षित
भारत में छपी

अंग्रेजी अनुमतिः 2/06
अनुवाद अनुमतिः 2/06
Family Guidebook का अनुवाद
Hindi

विषय-सूची

''परिवारः दुनिया के लिए एक घोषणा''	iv
परिवार का संगठन और उद्देश्य	1
घर में सुसमाचार की शिक्षा देना	4
पारिवारिक जिम्मेदारियों को पूरा करना	12
नेतृत्व प्रशिक्षण	15
घर पर आराधना करना (एकाकी क्षेत्रों में रह रहे परिवारों के लिए)	16
पौरोहित्य धर्मविधियां और आशीषें	18
गिरजाघर की सामग्रियों को प्राप्त करना और पारिवारिक इतिहास पर सूचना का पता लगाना	26

''परिवारः दुनिया के लिए एक घोषणा''

1995 में, प्रथम अध्यक्षता और बारह प्रेरितों की परिषद ने प्रकाशित किया ''परिवारः दुनिया के लिए एक घोषणा'' । यह घोषणा सिद्धान्तों और अभ्यास की उस सत्यनिष्ठा को घोषित करता है जिसे पूरे गिरजाघर के इतिहास में भविष्यवक्ताओं ने नियमित रूप से दोहराया है । इसमें वे सिद्धान्त पाये जाते हैं जो प्रत्येक परिवार की प्रसन्नता और कुशलता के लिए अनिवार्य हैं । परिवार के सदस्यों को घोषणा का अध्ययन करना चाहिए एवं उसके नियमानुसार अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए ।

''हम, अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर की प्रथम अध्यक्षता एवं बारह प्रेरितों की परिषद, दृढ़तापूर्वक घोषणा करते हैं कि पुरुष और स्त्री के बीच विवाह परमेश्वर की ओर से नियुक्त किया हुआ है और यह कि उसके बच्चों के अनन्त विधि-विधान के लिए परिवार सृष्टिकर्ता की योजना में जरूरी है ।

''सारी मानवजाति—नर और नारी — की सृष्टि परमेश्वर की समानता में हुई है । हर कोई स्वर्गीय माता-पिता का अति प्रिय आत्मिक पुत्र और पुत्री है, और उन्हीं के समान, प्रत्येक के पास दिव्य स्वभाव और नियति है । लिंग व्यक्ति के पहले के जीवन, नश्वर जीवन, और अनन्त पहचान और उद्देश्य की एक आवश्यक विशेषता है ।

''नश्वरता से पहले के जीवन में, आत्मिक पुत्र और पुत्रियाँ परमेश्वर को उनके अनन्त पिता के रूप में जानते और उपासना करते थे और उसकी योजना को स्वीकार किया था जिसके द्वारा उनके बच्चे पार्थिव शरीर प्राप्त कर सकें और परिपूर्णता की ओर प्रगति करने के लिए सांसारिक अनुभवों को प्राप्त करें और अंततः अपने अनन्त जीवन के उत्तराधिकारी के रूप में अपने दिव्य भाग्य को प्राप्त करें । परमेश्वर की खुशियों की पवित्र योजना पारिवारिक संबंधों को मृत्यु के बाद भी जारी रखने में समर्थ बनाती है । पवित्र मन्दिरों में उपलब्ध पवित्र धर्मविधियाँ और अनुबन्ध व्यक्ति को परमेश्वर की उपस्थिति में वापस जाने और परिवारों को अनन्तता के लिए इकट्ठा रहना सम्भव करती हैं ।

''पहली आज्ञा जो कि परमेश्वर ने आदम और हव्वा को दी थी वह पति और पत्नी के रूप में उनके माता-पिता होने की सम्भावना के संबंध में दी थी । हम घोषणा करते हैं कि परमेश्वर की अपने बच्चों के लिए आज्ञा कि संख्या में बढ़ो और पृथ्वी को भरो, अभी भी वैध है । हम यह भी घोषणा करते हैं कि परमेश्वर ने आज्ञा दी है कि प्रजनन की पवित्र शक्ति सिर्फ कानूनी तौर से विवाहित पति और पत्नी के रूप में पुरुष और स्त्री के द्वारा ही उपयोग की जानी चाहिए ।

''हम उस साधन की घोषणा करते हैं जिसके द्वारा नश्वर जीवन की पवित्र नियुक्ति के लिए सृष्टि की गई है । हम जीवन की पवित्रता और उसकी परमेश्वर की योजना में महत्वपूर्णता को दृढ़तापूर्वक कहते हैं ।

'पति और पत्नी पर एक दूसरे और अपने बच्चों को प्रेम और देखभाल करने की गम्भीर जिम्मेदारी है । 'बच्चे प्रभु की सम्पत्ति हैं' (भजन संहिता 127:3 । अपने बच्चों का प्यार और नेकता में पालन-पोषण करना, उनकी शारीरिक और आत्मिक जरूरतों को उपलब्ध कराना, उन्हें एक दूसरे को प्यार और सेवा करने की शिक्षा देना,

परमेश्वर की आज्ञाओं को मानने और जहां कहीं भी वे रहते हैं वहां के कानून से जुड़े नागरिक बनने की शिक्षा देने का पवित्र कर्तव्य माता-पिता का है । पति और पत्नी — माता और पिता — को इन कर्तव्यों से पीछे हटने के लिए परमेश्वर के सामने उत्तरदायी ठहराया जाएगा ।

''परिवार परमेश्वर द्वारा नियुक्त किया गया है । पुरुष और स्त्री के बीच विवाह उसकी अनन्त योजना के लिए जरूरी है । विवाह संस्कार के बंधन में बच्चे जन्म के लिए अधिकारी होते हैं और उनका उस पिता और माता द्वारा पालन-पोषण होता है जो वैवाहिक प्रतिज्ञा का पूरी ईमानदारी के साथ सम्मान करते हैं । पारिवारिक जीवन में खुशियां संभवतः प्रभु यीशु मसीह की शिक्षाओं में पाई जाती हैं । सफल विवाह और परिवार विश्वास के नियम, प्रार्थना, पश्चाताप, क्षमा, सम्मान, प्रेम, दया, कार्य, सुखकर मनोरंजन गतिविधियों पर स्थापित किये और संभाले जाते हैं । पवित्र उद्देश्य द्वारा, पिता अपने परिवार पर प्रेम और नेकता से अध्यक्षता करता है और अपने परिवार के जीवन की जरूरतों और रक्षा को उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदार होता है । माताएं मुख्यतः अपने बच्चों का पालन-पोषण करने के लिए जिम्मेदार होती हैं । इन पवित्र जिम्मेदारियों में, पिता और माता बराबर के साथ एक दूसरे को मदद करने के लिए वचनबद्ध होते हैं । अयोग्यता, मृत्यु, या अन्य परिस्थितियाँ व्यक्ति की भूमिका में अनुकूल परिवर्तन के लिए विवश कर सकती हैं । आवश्यकतानुसार विस्तृत परिवारों में सहायता प्रदान की जानी चाहिए ।

''हम उन व्यक्तियों को चेतावनी देते हैं जो शुद्धता के अनुबन्ध को तोड़ते हैं, जो पति या पत्नी, या बच्चों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं, या उन्हें जो परिवार की जिम्मेदारियों को पूरा करने में असफल हुए हों वे एक दिन परमेश्वर के सम्मुख उत्तरदायी ठहराए जाएंगे । आगे, हम चेतावनी देते हैं कि परिवार का विश्लेषण व्यक्तियों, समुदायों, और राष्ट्रों पर संकट लाएगा जिसे प्राचीन और आधुनिक भविष्यवक्ताओं द्वारा पहले से ही बताया गया था ।

''हम प्रत्येक जगह जिम्मेदार नागरिकों और सरकारी अधिकारियों को, उन बड़े उद्देश्यों को समाज की मौलिक इकाई के रूप में परिवार को संभालने और मजबूत करने के लिए बढ़ावा देते हैं'' । *Ensign,* नवम्बर 1995, 102 ।

परिवार का संगठन और उद्देश्य

संगठन

अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर में परिवार पवित्र है और समय और अनन्तता में अत्याधिक महत्वपूर्ण सामाजिक इकाई है । परमेश्वर ने परिवारों की स्थापना अपने बच्चों को खुशी देने के लिए, प्रेम के वातावरण में सही सिद्धान्तों को सीखने के लिए, और अनन्त जीवन की उनकी तैयारी के लिए की थी ।

घर ही शिक्षा देने, सीखने, और सुसमाचार सिद्धान्तों को अपनाने का उत्तम स्थान है । यही वह स्थान है जहां हर कोई भोजन, कपड़ा, रहने के लिए छत, और अन्य जरूरतों को उपलब्ध कराना सीखता है जिसकी उन्हें आवश्यकता होती है । पिता और माता को एक बराबर साथी के रूप में, परिवार के प्रत्येक सदस्य की मदद करनी चाहिए:

- सच्चाई को खोजें और परमेश्वर में अपना विश्वास बढ़ाएं ।
- पापों का पश्चाताप करें, पापों की क्षमा के लिए बपतिस्मा लें, अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर का सदस्य बनें, और पवित्र आत्मा को प्राप्त करें ।

- परमेश्वर की आज्ञाओं का पालन करें, निष्ठापूर्वक धर्मशास्त्रों का अध्ययन करें, प्रतिदिन व्यक्तिगत प्रार्थना करें और दूसरों की सेवा करें ।
- अन्यों के साथ सुसमाचार को बांटें ।
- इंडोवमेन्ट लें और अनन्तता के लिए योग्य साथी के साथ मन्दिर में विवाह करें, परिवार के लिए सुखी घर बनाएं, और प्रेम और त्याग द्वारा परिवार को सहयोग दें ।

- मृत पूर्वजों की जानकारी की खोज करें और उनके लिए मन्दिर में धर्मविधियां करें ।

- आत्मिक, सामाजिक, शारीरिक, और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए पोषण की जरूरत को उपलब्ध कराएं ।

एक पिता परिवार पर अध्यक्षता करता है और बच्चों को शिक्षा देने और परिवार के जीवन की जरूरतों को पूरा करने के लिए जिम्मेदार होता है । एक योग्य और उपयुक्त पिता को पौरोहित्य धारण करने का अवसर है, जो कि परमेश्वर के नाम से कार्य करने की शक्ति और अधिकार है । इस शक्ति और अधिकार के साथ, पिता अपने परिवार का पौरोहित्य मार्गदर्शक बन जाता है । वह अपने परिवार को हमारे स्वर्गीय पिता की उपस्थिति में वापस जाने की तैयारी में मार्ग दिखाता है । उसकी पत्नी उसकी महत्वपूर्ण साथी, मित्र, और सलाहकार होती है । पति और पत्नी को एक दूसरे के साथ उस हर मामले पर सलाह करनी चाहिए जो कि परिवार और घर को प्रभावित करते हों ।

पिता को अपने परिवार की आत्मिक जरूरतों को पूरा करना चाहिए । उसे देखना चाहिए कि उन्हें यीशु मसीह का सुसमाचार सीखाया जा रहा है और प्रभु की आज्ञाओं का पालन करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने और उनकी मदद करने के लिए उसे वह सब करना चाहिए जिसे वह कर सकता है ।

एक पिता जो पौरोहित्य धारक है अपने परिवार के सदस्यों को आशीष दे सकता है एवं उनकी आत्मिक जरूरतों को पूरा कर सकता है । उचित पौरोहित्य अधिकार के द्वारा और *पौरोहित्य मार्गदर्शक के प्राधिकरण के द्वारा,* पिता :

1. बच्चों को नाम एवं आशीष दे सकता है ।
2. बच्चों (और अन्यों) को बपतिस्मा दे सकता है ।
3. बच्चों (और अन्यों) का गिरजाघर का सदस्य होने के लिए पुष्टिकरण कर सकता है और उन्हें पवित्र आत्मा प्रदान कर सकता है ।
4. अपने पुत्रों (और अन्यों) को पौरोहित्य प्रदान कर सकता है और उन्हें पौरोहित्य पद पर नियुक्त कर सकता है ।
5. प्रभुभोज को आशीषित कर सकता है और बांट सकता है ।
6. कब्रों का समर्पण कर सकता है ।

अपने पौरोहित्य मार्गदर्शक के अनुमोदन के बिना, एक पिता जो मलकिसिदक पौरोहित्य धारक है, तेल को पवित्र कर सकता है और अपने परिवार के सदस्यों को और अन्यों को आशीषित कर सकता है जब वे बीमार हों और अन्य समय में जब उन्हें जरूरत महसूस हो तो उन्हें विशेष आशीषें दे सकता है । (पौरोहित्य धर्मविधियां और आशीष पर निर्देशन के लिए इस निर्देशिका के पृष्ठ 18–25 को देखें) ।

पिता को देखना चाहिए कि उसका परिवार तीन मूल जिम्मेदारियों में सक्रिय रूप से शामिल होः

1. व्यक्तिगत और पारिवारिक आत्मिक और सांसारिक तैयारी में ।
2. सुसमाचार को बांटने में ।
3. जीवित और मृतकों के लिए पारिवारिक इतिहास और मन्दिर की धर्मविधियों में ।

माता अपने पति की बराबर की साथी और सलाहकार होती है । वह उसकी सहायता अपने बच्चों को परमेश्वर के नियमों की शिक्षा देने में करती है । यदि घर में पिता नहीं है, तो माता ही परिवार का संचालन करती हैं ।

माता और पिता का एक ही उद्देश्य होना चाहिए । उनका लक्ष्य परिवार के सभी सदस्यों को अपने स्वर्गीय पिता के पास वापस ले जाने के लिए तैयार करना होना चाहिए । जब वे इस लक्ष्य की ओर बढ़ते हैं तो उन्हें एकजुट होना चाहिए । प्रभु ने माता-पिता की अपने परिवारों को शिक्षा देने और ध्यान रखने में सहायता के लिए गिरजाघर की स्थापना की है ।

जब बच्चे परिवार में आएं, तो माता-पिता को उनसे प्रेम करना है, उन्हें सुसमाचार की सच्चाइयों की शिक्षा देना है, और नेक जीवन का उदाहरण बनकर रहना है । बच्चों को सीखना और परमेश्वर की आज्ञाओं का पालन करना है । उन्हें अपने माता-पिता का आदर और पालन करना है ।

गिरजाघर की शक्ति उन परिवारों और व्यक्तियों पर निर्भर करता है जो यीशु मसीह के सुसमाचार को जीते हैं । परिवार जिसका सुसमाचार की आशीषों का उपभोग करने का परिमाण मुख्य रूप से माता और पिता की अच्छी समझ और माता-पिता के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करने पर निर्भर होता है । गिरजाघर का इरादा कभी भी यह नहीं रहा है कि वह उन कार्यक्रमों या जिम्मेदारियों को माता-पिता को दे जो उनपर दबाव डाले या निराश करे या उनके लिए इन अति महत्वपूर्ण मूल कर्तव्यों की अवहेलना का का कारण बने ।

उद्देश्य

क्योंकि हमारा स्वर्गीय पिता हमसे प्रेम करता है, वह हमसे चाहता है कि हम भी उंचे उठें जैसा कि वह है, हमारी सहायता के लिए, उसने हमें सच्चाई पर आधारित दिव्य नियम के अनुसार चलने की योजना दी है । जो इस योजना के बारे में जानते हैं और विश्वास के साथ उसका अनुसरण करते हैं वे एक दिन हमारे स्वर्ग के पिता के समान बन सकते हैं और वैसे ही जीवन की खुशी का आनन्द ले सकते हैं जैसा कि वह जीता है ।

योजना का भाग यह था कि हम स्वर्ग छोड़कर पृथ्वी पर आएं । यहां हम भौतिक शरीर को प्राप्त करें, अनुभवों से सीखें, और अपने आपको योग्य साबित करते हुए दुबारा परमेश्वर की उपस्थिति में रहें । स्वतंत्रतापूर्वक उसके नियमों के पालन को चुनने के द्वारा हम अपने आपको योग्य साबित करते हैं । (देखें इब्राहीम 3:23–25 2 नफी 2:27) ।

उसके साथ जीवन बीताने की हमारी तैयारी में हमारी सहायता के लिए, हमारे स्वर्गीय पिता ने हमारी स्थापना परिवारों में की है । पवित्र धर्मविधियों और अनुबन्धों के द्वारा, हमारे परिवार अनन्त रूप से एक साथ रह सकते हैं ।

घर में सुसमाचार की शिक्षा देना ।

बच्चों को उदारता और प्रेम से शिक्षा देना ।

प्रभु ने माता-पिता को उनके बच्चों को सुसमाचार की शिक्षा देने की आज्ञा दी है । उसने कहा थाः

''जैसे ही सिय्योन में माता-पिता के पास बच्चे हों, या उसके किसी भी स्टेक में जिसकी स्थापना हुई हो, जो उन्हें पश्चाताप, जीवित परमेश्वर के पुत्र मसीह पर विश्वास करने, और बपतिस्मा का और पवित्र आत्मा के उपहार के सिद्धान्त की जिसे सिर पर हाथों को रखकर दिया जाता है, की समझने की शिक्षा न देता हो, जब वे आठ वर्ष के हों तो यह पाप माता-पिता के सिर पर होगा ।

''यह नियम सिय्योन के निवासियों के लिए या उसकी किसी भी स्टेक में जिसकी स्थापना हुई हो, के लिए होगा ।

''और उनके बच्चे जब आठ वर्ष के हों तो पापों की क्षमा के लिए उनका बपतिस्मा होगा, और सिर पर हाथों को रखना प्राप्त करेंगे ।

''और वे अपने बच्चों को प्रार्थना करना, और प्रभु के सामने ईमानदारी से चलने की शिक्षा भी देंगे'' (सि. और अनु. 68:25–28) ।

प्रेरित पौलुस के सलाह को याद रखते हुए ''और हे बच्चेवालों [अपने बच्चों] को रिस न दिलाओ परन्तु प्रभु की शिक्षा और चितावनी देते हुए उनका पालन-पोषण करो'' (इफिसियों 6:4), माता-पिता को उदारता और प्रेम से शिक्षा देनी चाहिए ।

पारिवारिक धर्मशास्त्र अध्ययन

हम अपने स्वर्गीय पिता के समान बन सकते हैं और उसी प्रकार जीवन का आनन्द ले सकते हैं जैसा कि वह जीता है सिर्फ उन नियमों का

पालन करने से जिसपर वह आशीष आधारित है (देखें सि. और अनु. 130:20–21) । इससे पहले कि हम उन नियमों का पालन करें, हमें जान लेना चाहिए कि वे क्या हैं । ''यह संभव नहीं है कि मनुष्य को उसकी उपेक्षा से बचाया जा सके'' (सि. और अनु. 131:6) ।

यीशु मसीह हमारा मार्गदर्शक और नियम देने वाला है । वह नियम और रास्ता जानता है जिसपर हमें चलना चाहिए, और उसने हममें से प्रत्येक को अपने पीछे आने के लिए आमंत्रित किया है । उसने कहा है, ''मार्ग, सच्चाई और जीवन मैं ही हूं: बिना मेरे द्वारा कोई पिता के पास नहीं पहुंच सकता'' (यूहन्ना 14:6) । अपने स्वर्गीय पिता के समान बनने और उसके पास लौटने के लिए, हमें यीशु की शिक्षा को सीखना और उसके पीछे चलना होगा । हमारे पास धर्मशास्त्र है जिसकी सहायता से हम यीशु मसीह के जीवन, शिक्षा और आज्ञाओं के बारे में सीखते हैं ।

चार पुस्तकें जिसे गिरजाघर धर्मशास्त्र के रूप में ग्रहण करता है, वह है बाइबिल, मॉरमन की पुस्तक, सिद्धान्त और अनुबन्ध, और अनमोल मोती । यह सुसमाचार के कानून और स्तर को बताते हैं जिसके द्वारा हम सभी विचार, कार्य, और शिक्षाओं को माप सकते हैं । ये यीशु मसीह के जीवन और शिक्षा के बारे में सीखने में हमारी सहायता करते हैं और और उन व्यक्तियों के उदाहरण देते हैं जिन्हें परमेश्वर में विश्वास था और जिन्होंने उसकी आज्ञाओं को माना था ।

यीशु ने हमें धर्मशास्त्रों को खोजना और उनका अध्ययन करना सीखाया है (देखें यूहन्ना 5:39; 3 नफी 23:1; सि. और अनु. 88:118) ।

प्रभु की इच्छाओं को जानने और उसकी शिक्षाओं का अनुसरण करने के लिए परिवारों को प्रतिदिन एक साथ धर्मशास्त्रों का अध्ययन करना चाहिए । माता-पिता को प्रतिदिन अपने परिवारों को नियमित समय में इकट्ठा करके धर्मशास्त्रों को पढ़ना और उसपर चर्चा करनी चाहिए । परिवार का प्रत्येक सदस्य जो पढ़ सकता हो उन्हें धर्मशास्त्रों को पढ़ने का अवसर देना चाहिए ।

धर्मशास्त्र को पढ़ने से पहले परिवार के सदस्य को प्रार्थना करनी चाहिए और स्वर्गीय पिता से जो कुछ भी पढ़े उसे समझने और उसकी गवाही को प्राप्त करने के लिए आशीष मांगनी चाहिए । परिवारों को चाहिए कि वे धर्मशास्त्र को पढ़ने के बाद अपनी पारिवारिक प्रार्थना करें ।

जैसे परिवार धर्मशास्त्र को पढ़ते और उसपर विचार करते हैं, वे चाहेंगे कि वे उद्धारकर्ता के समान बन जाएं और अपने जीवन में अति प्रसन्नता और शान्ति को पाएंगे ।

व्यक्तिगत और पारिवारिक प्राथनाएं

हममें से प्रत्येक को अपने स्वर्ग के पिता से प्रार्थना के द्वारा बात करना सीखना चाहिए । वह हमसे प्रेम करता है और चाहता है कि हम उससे बात करें । वह चाहता है कि हम उसकी दी हुई आशीषों के लिए उसका धन्यवाद करें और उससे सहायता और मार्गदर्शन मांगें । वह हमारी सहायता करता है जब भी हम मांगते हैं । अधिकतर प्रार्थनाएं हम सिर झुकाकर और अपनी आँखें बंद करके घुटनों पर, बैठकर, या खड़े होकर करते हैं ।

जब हम प्रार्थना करते हैं तब हमें चार महत्वपूर्ण सिद्धान्तों को याद रखने की आवश्यकता होती है:

1. हम अपनी प्रार्थनाओं का आरंभ अपने स्वर्गीय पिता से बात करने के द्वारा करते हैं: ''हमारे स्वर्ग के पिता ....'' ।
2. हम हमारे स्वर्ग के पिता का धन्यवाद उन सभी चीजों के लिए करते हैं जिसे वह हमें देता है: ''हम आपका धन्यवाद करते हैं ....'' ।
3. हम उससे जरूरत के लिए सहायता मांगते हैं: ''हम आपसे मांगते हैं ....'' ।
4. हम उद्धारकर्ता के नाम में अपनी प्रार्थना को समाप्त करते हैं: ''यीशु मसीह के नाम में, आमीन ।''

हमारी प्रार्थनाओं में हमेशा इन सभी चारों चीजों पर चलने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन इन्हें अपने दिमाग में रखने से हमें प्रार्थना में सहायता मिलेगी । हमें हमारी प्रार्थनाओं की शुरूआत और अन्त पहले और अन्तिम चरण से करनी चाहिए परन्तु मध्य में क्या कहना है वह उसपर निर्भर करता है जिसे हम महत्वपूर्ण समझते हैं । कभी-कभी हम चाहेंगे कि हमारी ज्यादातर प्रार्थना में हम अपने स्वर्गीय पिता को धन्यवाद करें । अन्य कुछ समय में हम अपनी प्रार्थना ज्यादातर उससे सहायता मांगने में व्यतीत करते हैं ।

व्यक्तिगत प्रार्थनाएं

प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक बार व्यक्तिगत रूप से रोज सुबह और शाम को प्रार्थना करनी चाहिए । माता-पिता को बच्चों को उनकी व्यक्तिगत प्रार्थनाओं को करना तभी से सीखाना चाहिए जब से वे बात करना सीखते हैं । माता-पिता को बच्चों को सीखाना चाहिए कि कैसे घुटनों के बल होकर, एक समय पर एक वाक्य दोहराकर प्रार्थना करनी चाहिए । शीघ्र ही बच्चे अपनी प्रार्थनाएं करने में समर्थ होंगे ।

पारिवारिक प्रार्थनाएं

प्रत्येक परिवार को दैनिक पारिवारिक प्रार्थना करनी चाहिए । पूरा परिवार एक साथ घुटने टेकता है, और परिवार का कुलपति प्रार्थना करता है या फिर परिवार के किसी सदस्य से करने के लिए पूछता है ।

प्रत्येक को नियमित रूप से प्रार्थना करने का मौका मिलना चाहिए । छोटे बच्चों को भी अपनी बारी अपने माता-पिता की मदद से लेनी चाहिए । पारिवारिक प्रार्थना का समय बच्चों को सीखाने का होता है कि प्रार्थना कैसे करते हैं और परमेश्वर में विश्वास, विनम्रता, और प्रेम जैसे सिद्धान्तों की शिक्षा का बहुत अच्छा अवसर होता है ।

विशेष प्रार्थनाएं

माता-पिता को अपने बच्चों को सीखाना चाहिए कि परमेश्वर हमेशा उनकी प्रार्थनाएं सुनने के लिए तैयार रहता है । अपनी रोज की व्यक्तिगत और पारिवारिक प्रार्थनाओं के अतिरिक्त, वे किसी भी समय प्रार्थना कर सकते हैं जब उन्हें विशेष सहायता की जरूरत पड़े या जब वे धन्यवाद प्रकट करना चाहें ।

भोजन पर आशीष

प्रत्येक माता-पिता को देखना चाहिए कि उसके परिवार के सदस्यों को परमेश्वर को भोजन के लिए धन्यवाद करना और खाने से पहले उसके लिए आशीष मांगना सीखना चाहिए । प्रत्येक व्यक्ति को, युवा बच्चों सहित बारी लेकर आशीष देनी चाहिए । भोजन पर आशीष के लिए प्रार्थना करने से माता-पिता और बच्चों को स्वर्गीय पिता को धन्यवाद देना सीखने में सहायता मिलती है ।

पारिवारिक घरेलु संध्या

पारिवारिक घरेलु संध्या सभी के लिए है, हाल ही में विवाहित जोड़े को, बच्चों सहित माता-पिता को, बच्चों के साथ अकेले रह रहे माता या पिता को, माता-पिता जिनके पास घर पर बच्चे न हों उनको, घरेलु संध्या दलों के एकमात्र युवाओं को, और उन्हें सम्मिलित करते हुए जो अकेल रहते हों या कमरे में किसी साथी के साथ रहते हों । उनकी कोई भी परिस्थिति क्यों न हो, हर कोई पारिवारिक घरेलु संध्याओं को रखने के द्वारा आशीषित होगा । गिरजाघर सोमवार की संध्या को अन्य गतिविधियों से मुक्त रखता है जिससे कि परिवार पारिवारिक घरेलु संध्या के लिए इकट्ठा हो सके ।

प्रथम अध्यक्षता ने कहा है: ''हम आपसे महान आशीषों का वादा करते हैं अगर आप प्रभु की सलाह पर चलेंगे और नियमित पारिवारिक घरेलु संध्या रखेंगे । हम निरन्तर प्रार्थना करते हैं कि गिरजाघर में माता-पिता अपने बच्चों को सीखाने और उन्हें सुसमाचार के सिद्धान्तों को उदाहरण के द्वारा सीखाने की जिम्मेदारियों को अपनाएं । परमेश्वर आपको इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी में निष्ठावान होने के लिए आशीष दे'' ("Message from the First Presidency," *Family Home Evening Resource Book* [1983], iv) ।

अपने परिवार का कुलपति होने के नाते, पिता पारिवारिक घरेलु संध्या पर अध्यक्षता करता है ।

पिता की अनुपस्थिति में माता अध्यक्षता करती है । माता-पिता खुद या परिवार के किसी सदस्य को पारिवारिक संध्या का संचालन करने के लिए नियुक्त करते हैं । वह पाठ को पढ़ाता है या अपनी पत्नी को पाठ लेने के लिए नियुक्त करता है या उन बच्चों को जो बड़े हों, उन्हें नियुक्त करता है । प्रत्येक जो बड़े हों उनको भाग लेने का मौका देना चाहिए । छोटे बच्चे भी सहायता कर सकते हैं जैसे कि संगीत का प्रतिनिधित्व करने में, धर्मशास्त्रों को पढ़ने में, प्रश्नों का उत्तर देने में, चित्रों को पकड़ने में, जलपान को बांटने में और प्रार्थना करने में ।

पारिवारिक घरेलु संध्या की प्रस्तावित रूपरेखा निम्नलिखित हैः

- आरंभिक गीत (परिवार के द्वारा) ।
- आरंभिक प्रार्थना (परिवार के एक सदस्य के द्वारा) ।
- कविता या धर्मशास्त्र पठन (परिवार के एक सदस्य के द्वारा) ।
- पाठ (पिता, माता, या एक बड़े बच्चे के द्वारा) ।
- गतिविधि (परिवार के एक सदस्य द्वारा नेतृत्व और सारे परिवार के सदस्यों को शामिल करना) ।
- समापन गीत (परिवार के द्वारा) ।
- समापन प्रार्थना (परिवार के एक सदस्य के द्वारा) ।
- जलपान ।

एक परिवार घरेलु संध्या को अन्य कई तरीकों के साथ भी कर सकता है । कोई भी गतिविधि जिससे परिवार एकत्रित हो, एक दूसरे के प्रति प्रेम को मजबूत बनाए, स्वर्गीय पिता की तरफ और नजदीक आने में उनकी सहायता करे, और उन्हें नेकी के जीवन को बीताने में प्रोत्साहन दे वह पारिवारिक घरेलु संध्या हो सकती है । गतिविधियां, उदाहरण के तौर पर धर्मशास्त्र पढ़ना, सुसमाचार चर्चा करना, गवाहियां देना, सेवा कार्य को करना, एक साथ गाना, बाहर घुमने जाना, पारिवारिक खेल खेलना, और पैदल सैर करना । सभी घरेलु संध्याओं में प्रार्थना सम्मिलित होनी चाहिए ।

पारिवारिक घरेलु संध्या के पाठ धर्मशास्त्रों पर आधारित हो सकते हैं । अन्तिम-दिनों में भविष्यवक्ताओं के शब्दों, विशेष रूप से महा सम्मेलन में से और व्यक्तिगत अनुभव और गवाहियों पर आधारित होनी चाहिए । बहुत से पाठों कों उद्धारकर्ता के जन्म, जीवन, शिक्षा, और प्रायश्चित पर केन्द्रीय होना चाहिए । सुसमाचार सिद्धान्त, मौलिक सुसमाचार, और गिरजाघर की पत्रिकाओं में विषय और अन्य जानकारियां कई विषयों पर होती हैं जो कि पारिवारिक घरेलु संध्या के पाठ का हिस्सा बन सकते हैं ।

घरेलु संध्या के लिए प्रस्तावित चर्चा वाले विषय निम्न हैं:

- उद्धार की योजना
- यीशु का जीवन और उसकी शिक्षाएं
- पश्चाताप
- प्रार्थना
- उपवास
- ज्ञान के शब्द
- प्रभु के सदाचार का आदर्श
- प्रभुभोज का अर्थ
- दसमांश
- आभार
- ईमानदारी

- परमेश्वर के लिए श्रद्धा और उसकी रचना के प्रति आदर
- बपतिस्मा, पौराहित्य धर्मविधियों, या विवाह के लिए तैयार होना
- मन्दिर में प्रवेश करने के लिए तैयारियां करना
- धर्मशास्त्रों को पढ़ना
- सब्त के दिन को पवित्र रखना
- दूसरों को क्षमा करना
- गवाहियां प्राप्त करना और बांटना
- अन्यों के साथ सुसमाचार बांटना
- पारिवारिक इतिहास संकलित करना
- मृत्यु को समझना और अपनाना
- पारिवारिक समस्याओं को सुलझाना
- पारिवारिक वित्तिय का प्रबंध करना
- पारिवारिक कार्यों में हाथ बंटाना
- संगीत की सराहना करना और आनन्द लेना

छुट्टियां और विशेष अवसर

छुट्टियों के दिन और विशेष अवसर, जैसे बड़ा दिन, ईस्टर, पौरोहित्य की पुनःस्थापना का वार्षिक उत्सव, सम्मेलन, मिशन पर जाने के लिए परिवार के सदस्य की विदाई, या जन्मदिन, बपतिस्मा, या परिवार के सदस्य की नियुक्ति, सुसमाचार की सच्चाई की शिक्षा का उत्तम अवसर हो सकता है ।

दसमांश और भेंटें

प्रभु ने अपने लोगों को दसमांश के कानून को जीने और वादा की गई आशीषों के योग्य बनने की आज्ञा दी है । (देखें मलाकी 3:8–11) ।

माता-पिता के लिए दसमांश के नियम और भेंट को सीखाने का उत्तम समय तब है जब वह खुद देने वाले हों । बच्चों पर प्रभाव तब पड़ता है जब अपने माता-पिता को देखते हैं कि वे क्या करते हैं । जिन बच्चों को खर्च मिलता है उन्हें उसमें से दसमांश देना चाहिए । प्रत्येक बच्चे के पास तीन गुलक हो सकते हैं: एक दसमांश के लिए, एक मिशन के लिए, और एक खर्चे के पैसे के लिए । हर समय बच्चे पैसे प्राप्त करते हैं, उन्हें दस प्रतिशत को दसमांश के गुलक में डालना सीखना चाहिए, फिर कुछ पैसे को मिशन के गुलक में, और बचे हुए पैसे को खर्च के गुलक में डालना सीखना चाहिए ।

जब बच्चे दसमांश देते हैं, तो माता-पिता को उन्हें दसमांश की पर्ची को भरना, उसे पैसे के साथ लिफाफे में रखना, व लिफाफे को शाखा अध्यक्षता या धर्माध्यक्षता के सदस्य को देना या भेजना सीखाना चाहिए । परिवार जो कि एकाकी क्षेत्र में रहते हैं उन्हें दसमांश अपने पौरोहित्य मार्गदर्शक को देना चाहिए ।

भोजन के समय में चर्चा

भोजन का समय अच्छा अवसर होता है सुसमाचार के बारे में बात करने का । छोटे बच्चों को सुसमाचार के प्रश्न पूछना और उत्तर देना पसंद होता है । जब वे उत्तर नहीं जानते हों, तब पिता

या माता को संक्षेप में उत्तर देना और सुसमाचार को सीखाना चाहिए । हर भोजन में सुसमाचार की चर्चा करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन ऐसी चर्चा सप्ताह में दो या तीन बार हो तो परिवार की सुसमाचार सीखने में सहायता हो सकती है ।

सोने के समय की कहानियां

क्योंकि बहुत से बच्चे सोने के समय की कहानियों से प्रेम करते हैं, वह एक अच्छा मौका होता है सुसमाचार को बताने का या कहानियों को धर्मशास्त्रों, गिरजाघर के प्रकाशनों, या व्यक्तिगत अनुभवों से बताने का । ईमानदारी, बांटने, और दया के बारे में कहानियां सुसमाचार के महत्वपूर्ण नियमों की शिक्षा देते हैं ।

एक साथ काम करना

सुसमाचार को सीखाने के बहुत से मौके आते हैं जब परिवार घर में एक साथ कार्य करता हो । घर की सफाई करते हुए या बगीचे में काम करते हुए पिता को सुसमाचार के विषय में बात करने के मौके के लिए सावधान रहना चाहिए । एक बच्चा बहुत बार प्रश्न पूछेगा । माता-पिता को साधारण उत्तर के लिए हमेशा समय निकालना चाहिए । टिप्पणी जैसे ''तुम एक अच्छे कार्यकर्ता हो । मैं सच में जानता हूं कि स्वर्गीय पिता को तुम पर गर्व होगा'' या ''देखो उन सुंदर घटाओं को जिसे स्वर्गीय पिता ने बनाया है'' से बच्चों को हमारे स्वर्गीय पिता के प्रति आभार महसूस होता है और वे जानने लगते हैं कि वह वास्तव में है ।

पारिवारिक परिषद

माता-पिता परिवार के सदस्यों को पारिवारिक परिषद में एक साथ इकट्ठा कर सकते हैं । परिवार इन परिषदों को परिवार के लक्ष्य को रखने के लिए, पारिवारिक समस्याओं के हल के लिए, वित्तिय पर चर्चा के लिए, योजनाओं को बनाने के लिए, एक दूसरे के प्रति सहयोग और बल के लिए, गवाही देने के लिए, और एक दूसरे के प्रति प्रार्थना करने के लिए कर सकते हैं । आवश्यकतानुसार एक परिषद का गठन हो सकता है । माता-पिता चाह सकते हैं कि परिषद हर रविवार को हो या पारिवारिक घरेलु संध्या के संबंध में हो । पारिवारिक परिषदों की सफलता के लिए एक दूसरे के सुझावों के प्रति आदर और भावना आवश्यक है ।

निजी साक्षात्कार

बहुत से माता-पिता ने पाया है कि हर बच्चे के साथ निजी साक्षात्कार उन्हें उनके बच्चों के और नजदीक लाता है, उन्हें प्रोत्साहित करता है, और सुसमाचार सीखाता है । ऐसे साक्षात्कार औपचारिक या अनौपचारिक और शायद अक्सर होने चाहिए ।

पिता को बच्चे के प्रति अपना प्रेम और भरोसा दिखाना चाहिए, और बच्चे का अपनी भावनाओं को किसी भी विषय, समस्या, या अनुभव को बतलाने का मौका मिलना चाहिए । माता-पिता को ध्यानपूर्वक सुनना चाहिए और बच्चे की समस्या और भरोसे को गंभीरता से लेना चाहिए । शायद माता-पिता और बच्चे एक साथ प्रार्थना करना चाहें । समस्याएं जो साक्षात्कार से उठती हैं जो परिवार के अन्य सदस्यों को शामिल करता हो उसे अगली पारिवारिक घरेलु संध्या में निपटाई जा सकती है ।

पारिवारिक गतिविधियां

अक्सर माता-पिता को पूरे परिवार को एक साथ चीजों को करने की योजना बनानी चाहिए । पिकनिक, कैंप, पारिवारिक परियोजना, घर और आंगन के काम, तैराकी, पैदल सैर, और हितकारी सिनेमा और अन्य मनोरंजन की कुछ गतिविधियां हैं जिससे परिवार एक साथ आनन्द ले सकता है ।

एक परिवार जो कि एक साथ गतिविधियां करता है वह बड़ा प्रेम और एकता महसूस करता है । बच्चे अपने माता-पिता को इच्छापूर्वक सुनेंगे और उनकी सलाह पर चलेंगे जब वे उन्हें करीब महसूस करते हैं । माता-पिता सुसमाचार को ज्यादा असरदार तरीके से सीखाने में समर्थ होंगे ।

पारिवारिक जिम्मेदारियों को पूरा करना

प्रभु के गिरजाघर का उद्देश्य है मसीह के पास आने में सभी लोगों की सहायता करना । परिवार इस उद्देश्य को पूरा करने में सहायता कर सकते हैं जब वेः

1. अपने आत्मिक और शारीरिक जरूरतों को पूरा करते हैं और दूसरों की जरूरतों को पूरा करने में मदद करते हैं ।
2. सुसमाचार को अन्यों के साथ बांटते हैं ।
3. देखते हैं कि परिवार के सदस्य मन्दिर की धर्मविधियां अपनाएं और उनकी सहायता इन आशीषों को उनके मृतक पूर्वजों को प्राप्त करने में करते हैं ।

आत्मिक और शारीरिक जरूरतें

आत्मिक जरूरतें

इस निर्देशिका के पहले का भाग, ''घर में सुसमाचार की शिक्षा देना'', में परिवार किस तरह से उनकी आत्मिक जरूरतों को पूरा कर सकता है, की जानकारी दी है ।

शारीरिक जरूरतें

परिवारों को आत्मनिर्भर होना चाहिए जिससे वे अपने खुद की शारीरिक जरूरतों को पूरा कर सकें और अन्यों की सहायता कर सकें । आत्मनिर्भर होने के लिए, परिवार के सदस्यों को इच्छानुसार कार्य करना चाहिए । शारीरिक, मानसिक, या आत्मिक प्रयत्न ही कर्म है । पूरा करने का, प्रसन्नता का, आत्म-सम्मान का, और सफलता का यह एक साधन है । माता-पिता को आत्मनिर्भर

होने का प्रयास करना चाहिए और अपने बच्चों को ऐसा बनने की शिक्षा देनी चाहिए । आत्मनिर्भर होना उन्हें उनकी सहायता में समर्थ बनाएगा जो जरूरतमंद हैं ।

पिता को अपने परिवार के जीवन की जरूरतों और सुरक्षा देने की जिम्मेदारी है । माताएं मुख्यतः अपने बच्चों के पालन-पोषण के लिए जिम्मेदार हैं । माता-पिता देखते हैं कि परिवार के पास साफ घर हो, पौष्टिक खाना हो, कपड़े, चिकित्सा और दांतों की देखभाल की चीजें हों, पढ़ाई करने के मौके हों, वित्तिय के साधनों को नियमित रूप से संभालने के निर्देश हों, और यदि संभव हो तो प्रशिक्षण हो कि किस तरह से अपने स्वयं के लिए कुछ भोजन उत्पादन करें । माता-पिता को अपने बच्चों को सीखाना है कि किस तरह से अपने भोजन को तैयार करें और किस तरह से उसे आगे के इस्तेमाल के लिए संभालकर रखें ।

इन शारीरिक जरूरतों को पूरा करने के लिए माता-पिता को इच्छापूर्वक बड़े परिश्रम से काम करना है । ''और तब तुम अपने बच्चों को भूखे और, नंगे रहने का कष्ट नहीं देखोगे'' (मुसायाह 4:14) । माता-पिता को परिवार की जरूरतों के समय, बीमारी के समय, विपत्ति, बेरोजगारी, या अन्य मुसिबतों के समय के लिए योजना बनानी चाहिए । अगर पिता को पारिवारिक जरूरत पूरा करने में परेशानी हो और अगर परिवार के अन्य सदस्य सहायता करने में असमर्थ हों, तो वे पौरोहित्य मार्गदर्शकों से सहायता ले सकते हैं ।

बच्चे अपने माता-पिता के काम में सहायता करने के द्वारा, विद्यालय में अच्छे से पढ़ने के द्वारा, अपने वस्त्रों का और दूसरी संपत्ति का ध्यान रखने के द्वारा, अपने आपको और घर को साफ-सुथरा और अच्छे से रखने के द्वारा, और अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखने के द्वारा अपने परिवारों की शारीरिक जरूरतों को पूरा करने में सहायता कर सकते हैं । परिवार के सदस्यों को अपने पढ़ने, लिखने, और मूल हिसाब करने की क्षमता को बढ़ाना चाहिए, और ज्ञान और अपने गुणों को बढ़ाने के हर मौके का लाभ उठाना चाहिए । उन्हें ज्ञान के शब्द का पालन करना और स्वस्थ भोजन खाना चाहिए । जहां मुमकीन हो, परिवार के सालभर की सामग्री को जमा करके, या जितना हो सके, जो भी मूल जीवन की जरूरतों का सामान हो उसे रखना चाहिए । परिवार के सदस्यों को बेकार के उधार से बचना चाहिए, भविष्य के लिए बचत करना, अपने सभी कर्तव्यों को पूरा करना, और अपने साधनों का बुद्धिमानी से उपयोग कर व्यर्थ करने से बचाना चाहिए ।

माता-पिता को अपने बच्चों को दूसरे के साथ बांटना सीखाना चाहिए । लगभग हर कोई दूसरों को कुछ न कुछ दे सकता है, कोई फर्क नहीं पड़ता है कि कितना थोड़ा है उसके पास । एक रास्ता जिससे जरूरतमंदों की सहायता की जा सकती है वह है महीने में एक बार उपवास रखकर और उपवास भेंट देकर, जिसका उपयोग भूखे को खाना खिलाने, गृहहिन को छत देने, नंगों को वस्त्र देने, और पीड़ितों की सहायता करने के लिए होता है । जब हम दूसरों की सहायता करते हैं तब हम प्रभु के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त करते हैं । उसने कहा है, ''तुमने जो मेरे इन छोटे से छोटे भाइयों में से किसी एक के साथ किया, वह मेरे ही साथ किया'' (मत्ती 24:40) ।

सुसमाचार बांटना

अपने अन्तिम-दिनों में भविष्यवक्ताओं के द्वारा, प्रभु ने सीखाया है कि अन्यों के साथ सुसमाचार बांटना गिरजाघर के हर सदस्य की जिम्मेदारी है । ''यह हर एक व्यक्ति जिसको चेतावनी मिली है वह अपने पड़ोसियों को भी चेतावनी दे'' (सि. और अनु. 88:81) । अलमा, मॉरमन की पुस्तक के एक भविष्यवक्ता ने समझाया है कि जब हमारा

बपतिस्मा होता है हमें इच्छापूर्वक ''सर्वदा हर जगह, हर समय चाहे जहां भी हों परमेश्वर के साक्षी के रूप में खड़े होना चाहिए'' (मुसायाह 18:9) ।

परिवार के सदस्यों को जो कुछ भी सहायता हो सके अपने रिश्तेदारों, मित्रों, और पड़ोसियों को यीशु मसीह का सुसमाचार सिखाने में करनी चाहिए और इससे उनके जीवन में आशीष आ सकती है । सुसमाचार को बांटने के द्वारा, माता-पिता और बच्चे अपनी खुद की गवाही को और भी मजबूत कर सकते हैं और दूसरों के लिए सुसमाचार की आशीषें ला सकते हैं । परिवारः

- सभी आज्ञाओं का पालन करके अच्छा उदाहरण बन सकते हैं (देखें मत्ती 5:16) ।
- गिरजाघर में उनकी सदस्यता के लिए आभार प्रकट कर सकते हैं (देखें रोमियों 1:16) और अन्य लोगों को जानने दे सकते हैं कि वे सदस्य हैं ।
- जान-पहचान वालों से पूछ सकते हैं कि क्या वह गिरजाघर के बारे में और अधिक जानकारी चाहते हैं ।
- प्रभु से किसी एक परिवार को या किसी एक सदस्य को चुनने में उनकी सहायता के लिए पूछ सकते हैं जो कि सुसमाचार सुनाने के लिए तैयार हों ।
- परिवार को या किसी व्यक्ति को गिरजाघर में किसी तरह से परिचय करा सकते हैं, जैसे कि उन्हें पारिवारिक घरेलु संध्या में आमंत्रित करने या गिरजाघर की सभा में या गतिविधियों में बुलाने के द्वारा, पढ़ने के लिए उन्हें गिरजाघर की पुस्तकें या छोटी पत्रिकाओं को देने के द्वारा, या उनसे सुसमाचार की आशीषों के बारे में बात करने के द्वारा ।
- प्रचारकों द्वारा शिक्षा के लिए अपने घर में परिवार या किसी व्यक्ति को आमंत्रित कर सकते हैं ।

माता-पिता पर अपने आपको और बच्चों को पूरे समय का मिशन करने के लिए तैयार करने की जिम्मेदारी होती है । बच्चों को तैयार करने में, खास तौर से पुत्रों को, माता-पिता को सुसमाचार की शिक्षा उन्हें घर में देनी चाहिए, व्यक्तिगत या पारिवारिक धर्मशास्त्र का अध्ययन और प्रार्थना करना चाहिए, और अक्सर जिम्मेदारियों पर और सुसमाचार बांटने की आशीषों पर बात करनी चाहिए । वे अपने बच्चों को उनके मिशन पर जाने के लिए बचत करना, कड़ी मेहनत करना, आत्मनिर्भर होना, और दूसरे लोगों से प्रेम और सेवा करना सीखा सकते हैं ।

जीवित और मृतक के लिए मन्दिर की धर्मविधियां

मन्दिर के अन्दर गिरजाघर के योग्य सदस्य पवित्र धर्मविधियों को प्राप्त करते हैं और परमेश्वर के साथ वे अनुबन्ध में प्रवेश करते हैं । अपने लिए और अपने मृतक पूर्वजों के लिए धर्मविधि कार्य में भी भाग लेते हैं । जहां संभव हो, माता और पिता को मन्दिर संस्तुति अपने पौरोहित्य मार्गदर्शकों से प्राप्त करके और मन्दिर में जाकर अपने आपके लिए मन्दिर धर्मविधियां प्राप्त करनी चाहिए । अगर वे मन्दिर जाने में असमर्थ हैं, तो उन्हें मन्दिर संस्तुति प्राप्त करने के योग्य जीना चाहिए ।

परिवारों के पास पवित्र जिम्मेदारियां हैं कि वे निश्चित करें कि वे अपने पूर्वजों के लिए मन्दिर धर्मविधियां करें जो उन्हें प्राप्त किये बिना ही मर गए हैं । गिरजाघर के सदस्यों को जो अपने खुद की धर्मविधियां प्राप्त कर चुके हैं उन्हें समय-समय पर मन्दिर में लौटना चाहिए, जब कभी समय, साधन, और मन्दिर की उपलब्धता उन्हें उनके पूर्वजों की धर्मविधियां करने की अनुमति देता हो ।

पिता और माता को उन महत्वपूर्ण घटनाओं के लिखित लेख को इकट्ठा करना चाहिए जो उनके जीवन में और उनके बच्चों के जीवन में हुई है, साथ में आशीषों, बपतिस्मों, धर्मविधियों, विवाहों, और मृत्यु, महत्वपूर्ण पत्रों, तस्वीरों, समाचार के काटे हुए अंशों, और इनसे मेल खाते चीजों के प्रमाण-पत्र को रखना चाहिए । उन्हें अपने व्यक्तिगत इतिहास को संग्रह करना चाहिए और प्रत्येक परिवार के सदस्य को प्रोत्साहित करना चाहिए कि वह भी अपना व्यक्तिगत इतिहास रखे । उन्हें छोटे बच्चों को व्यक्तिगत इतिहास रखने में सहायता करनी चाहिए ।

परिवारों को अपने पूर्वजों की जानकारी इकट्ठा करने और परिवार इतिहास में संग्रह करके रखनी चाहिए । उन्हें अपने अभी की चार पीढ़ियों पर सूचना को संकलित करके आरंभ करना चाहिए ।

नेतृत्व प्रशिक्षण

स्टेक, मिशन, या जिला मार्गदर्शकों के निर्देशानुसार, पौरोहित्य और सहायक मार्गदर्शकों को माता-पिता को तीन मूल पारिवारिक कर्तव्यों को समझने और संपन्न करने की शिक्षा देनी है (देखें पृष्ठ 12–15) । मार्गदर्शकों को माता और पिता को शिक्षा देनी चाहिए कि अपने परिवार का मार्गदर्शन कैसे करना है । यदि कोई परिवार एकाकी क्षेत्र में रहता हो, स्टेक, मिशन, या जिला मार्गदर्शकों को देखना होता है कि माता-पिता सीखें और अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करें ।

घर पर आराधना करना (एकाकी क्षेत्रों में रह रहे परिवारों के लिए)

कुछ परिवार एकाकी क्षेत्रों में रहते हैं और नियमित रूप से वार्ड या शाखा सभाओं में उपस्थित नहीं हो सकते हैं । स्टेक, मिशन, या जिला अध्यक्ष के प्राधिकरण से, इस तरह के परिवार रविवार की आराधना सेवाओं को अपने घर पर रख सकते हैं । उन क्षेत्रों में जहां पर गिरजाघर इकाइयां स्थापित नहीं होती हैं, परिवारों को क्षेत्रीय अध्यक्ष से प्राधिकरण की आवश्यकता होती है ।

पिता या अन्य पौरोहित्य धारक प्रभुभोज को तैयार कर सकता है और उसे आशीष दे सकता है अगर वह योग्य है, हारूनी पौरोहित्य में एक याजक है या मलकिसिदक पौरोहित्य धारक है, *और उसको पौरोहित्य मार्गदर्शकों के द्वारा अनुमति मिली हो* । कोई भी पौहोहित्य धारक प्रभुभोज बांट सकता है । प्रभुभोज का प्रबंध करने का निर्देशन इस निर्देशिका के 21–23 पृष्ठ पर दिया गया है ।

रविवार की उपासना सभा सरल, श्रद्धा के साथ, और अच्छी होनी चाहिए । इसमें हो सकता है:

1. आरंभिक स्तुतिगीत
2. आरंभिक प्रार्थना
3. प्रभुभोज पर आशीष और उसे बांटना
4. एक या अधिक निम्नलिखित विषय:
   - एक या दो छोटी वार्ता या गवाहियां
   - धर्मशास्त्र पठन और परिवार के रूप में चर्चा
   - परिवार के एक सदस्य द्वारा एक पाठ
5. समापन स्तुतिगीत
6. समापन प्रार्थना

रविवार उपासना सभा के आयोजन में, माता-पिता को प्रभु की आत्मा की खोजना और उसके नेतृत्व में चलना चाहिए । मॉरमन की पुस्तक में लोगों के

इस तरह की सभा के उदाहरण मिलते हैं । ''उन्होंने अपनी सभाओं का संचालन किया ... आत्मा के अनुरूप कार्य किया, और पवित्र आत्मा की शक्ति के द्वारा, और जैसे पवित्र आत्मा को शक्ति ने उसका नेतृत्व किया, उन्होंने प्रचार, या उपदेश दिया, या प्रार्थना, या विनती की, या भजन गाया, इसके बावजूद ऐसा हुआ था'' (मरोनी 6:9) ।

परिवार को धर्मशास्त्रों का उपयोग अपने मूल पथ प्रदर्शक के रूप में करना चाहिए । इसके अतिरिक्त, वे जनरल सम्मेलन की वार्ताओं, *मौलिक सुसमाचार, सुसमाचार सिद्धान्त, विश्वास के प्रति सचे, युवा के बल के लिए,* प्रचार की छोटी पत्रिकाएं, गिरजाघर की पत्रिकाएं, और अन्य गिरजाघर के प्रकाशन और चलचित्रों के साधनों का उपयोग कर सकते हैं ।

अगर परिवार में किसी के पास उचित पौरोहित्य नहीं है, पिता या माता परिवार के सदस्यों को एकत्रित करके स्तुतिगीत गा सकते हैं, धर्मशास्त्र का अध्ययन कर सकते हैं, प्रार्थना कर सकते हैं, और एक दूसरे को स्वर्गीय पिता के और निकट ला सकते हैं । परिवार में पौरोहित्य मार्गदर्शक परिवार के प्रभुभोज को प्राप्त करने के साप्ताहिक अवसरों का प्रबंध कराने के लिए होता है ।

माता-पिता को साप्ताहिक गतिविधियां करनी चाहिए, जैसे कि पैदल सैर, पिकनिक, हितकारी सिनेमा देखना, रिश्तेदारों से मिलने जाना, खेल-कूद, संगीत का कार्यक्रम और तैराकी ।

एक परिवार जो कि वार्ड या शाखा में शामिल नहीं है उसे दसमांश और उपवास भेंट और अन्य योगदान परिवार के निर्दिष्ट पौरोहित्य मार्गदर्शक को देनी चाहिए ।

परिवार कोई भी लिखित विवरण गिरजाघर को नहीं देता है, लेकिन जहां संभव हो, पिता व्यक्तिगत पौहोहित्य साक्षात्कार अपने निर्दिष्ठ पौरोहित्य मार्गदर्शक पद से हर तीसरे महीने करके परिवार की स्थिति का विवरण दे सकते हैं ।

पौरोहित्य धर्मविधियां और आशीषें

पौरोहित्य धर्मविधियां पवित्र कार्य हैं जो प्रभु के द्वारा दी जाती हैं और पौरोहित्य अधिकार द्वारा संपन्न की जाती हैं । पौरोहित्य आशीषें पौरोहित्य अधिकारी द्वारा चंगा करने, आराम, और प्रोत्साहन देने के लिए दी जाती हैं । बंधुत्व जो धर्मविधियां और आशीषें देते हैं उन्हें अपने आपको सुसमाचार सिद्धान्तों के अनुसार तैयार करना चाहिए और पवित्र आत्मा के मार्गदर्शन की सहायता लेनी चाहिए । उन्हें प्रत्येक धर्मविधि और आशीष उच्च ढंग से करना और निम्नलिखित जरूरतों को स्वीकार करना चाहिए; धर्मविधि कोः

1. यीशु मसीह के नाम से की जानी चाहिए ।
2. पौरोहित्य अधिकार द्वारा की जानी चाहिए ।
3. किसी जरूरी तरीके से की जानी चाहिए, जैसे कि विशेष शब्दों का उपयोग या पवित्र तेल का उपयोग करते हुए ।
4. यदि आवश्यक हो तो निर्दिष्ट पौरोहित्य मार्गदर्शक पद अधिकारी द्वारा होनी चाहिए जिसके पास सही कुंजियां हों ।

धर्मविधियां जिसको पौरोहित्य मार्गदर्शक के प्राधिकरण की जरूरत पड़ती है वे है बच्चों को नाम और आशीष देना, बपतिस्मा और पुष्टिकरण करना, पौरोहित्य और पौरोहित्य पद के लिए नियुक्ति की पुष्टि करना, प्रभुभोज को आशीषित करना एवं उसे बांटना, और कब्रों का समर्पण करना ।

जब कई भाई-बन्धु एक धर्मविधि या आशिष में भाग लेते हैं, हर कोई अपने बाएं हाथ को भाई के बाईं तरफ वाले कंधे पर हल्के से रखता है । सहायता के लिए पौरोहित्य धारकों की बड़ी संख्या को आमंत्रित करने की प्रथा निराशाजनक है ।

धर्मविधियां और आशीषें जिसकी व्याख्या इस भाग में की गई है वह पिताओं को अपने परिवार में कुलपति बनकर सेवा करने में सहायता करेगी ।

बच्चों को नाम और आशीष देना

''मसीह के गिरजाघर का प्रत्येक सदस्य जिनके पास बच्चे हैं, उन्हें गिरजाघर के सम्मुख एल्डरों के पास लाएं, जो अपने हाथों को उनके सिर पर रखकर यीशु मसीह के नाम से, और उन्हें उसके नाम से आशीष दें'' (देखें सि. और अनु. 20:70) । इस प्रकटीकरण की अनुरूपता में, सिर्फ योग्य व्यक्ति जिसके पास मलकिसिदक पौरोहित्य हो वही बच्चों को नाम और आशीष देने में भाग ले सकता है । *बच्चों की आशीष एवं नामकरण की धर्मविधि में अध्याक्षिक अधिकारी के प्राधिकरण की आवश्यकता होती है ।*

जब बच्चे को आशीष देते हैं तब वे पुरुष जिनके पास मलकिसिदक पौरोहित्य है वे घेरा बनाते हैं और बच्चे को अपने हाथों में पकड़ते हैं । जब बड़े बच्चों को आशीष देते हैं, भाई-बन्धु अपने हाथों को आराम से बच्चे के सिर पर रखते हैं । वह व्यक्ति जो आशीष देता है:

1. स्वर्गीय पिता को संबोधित करता है ।
2. बताता है कि आशीष मलकिसिदक पौरोहित्य के अधिकार द्वारा दी जा रही है ।
3. बच्चे को नाम देता है ।
4. आत्मा के निर्देशन में एक पौरोहित्य आशीष देता है ।
5. यीशु मसीह के नाम से समाप्त करता है ।

बपतिस्मा

अध्याक्षिक अधिकारी के निर्देशन के अंतर्गत, एक योग्य याजक या व्यक्ति जिसके पास मलकिसिदक पौरोहित्य हो वह बपतिस्मा संपन्न कर सकता है । ऐसा करने के लिए, वह:

1. पानी में उस व्यक्ति के साथ खड़ा होता है जिसका बपतिस्मा होगा ।
2. सुविधा और सुरक्षा के लिए, व्यक्ति की सीधी कलाई को अपने उल्टे हाथ से पकड़ता है; व्यक्ति जिसका बपतिस्मा होना होता है वह बपतिस्मा लेने वाले की बाईं कलाई को अपने बाएं हाथ से पकड़ता या पकड़ती है ।
3. अपने सीधे हाथ को चौकोर में ऊपर उठाता है ।
4. व्यक्ति को पूरे नाम से संबोधित करते हुए कहता है, ''यीशु मसीह के दिए गए अधिकार द्वारा, मैं तुम्हें पिता, पुत्र, और पवित्र आत्मा के

नाम से बपतिस्मा देता हूं । आमीन'' (देखें सि. और अनु. 20:73) ।

5. व्यक्ति अपने सुविधा के लिए अपने दाहिने हाथ से नाक को पकड़ सकता है; वह जो बपतिस्मा दे रहा है अपने दाहिने हाथ को व्यक्ति के पीछे और ऊपर से रखकर, व्यक्ति को कपड़ों समेत पूरे तरीके से डूबो देता है ।

6. पानी से बाहर आने में व्यक्ति की सहायता करता है ।

दो याजक या वे पुरुष जिनके पास मलकिसिदक पौरोहित्य है, प्रत्येक बपतिस्मे के पूरी तरह से ठीक होने के गवाह होते हैं । बपतिस्मा दुबारा दोहराया जाना चाहिए अगर शब्द उसी तरह से नहीं बोले गए हों जैसे सिद्धान्त और अनुबन्ध 20:73 में दिए गए हैं या व्यक्ति के शरीर या कपड़े अगर पूरी तरह से नहीं डूबे हों तो । व्यक्ति जिसका बपतिस्मा हो रहा है और वह व्यक्ति जो धर्मविधि संपन्न कर रहा है, जिसने सफेद कपड़े पहने हैं वह गीला होने पर पारदर्शी न हो ।

पुष्टिकरण

धर्मपरिवर्तित जिसकी उम्र नौ या अधिक हो, या वे जो आठ वर्ष के हैं जिनके माता-पिता दोनों असदस्य हैं उनकी प्रभुभोज सभा में पुष्टि की जाती है । (देखें सि. और अनु. 20:41) । आठ वर्ष के बच्चों की बपतिस्मे के बाद बपतिस्मे के स्थान पर शीघ्र पुष्टि हो सकती है अगर कम से कम एक माता-पिता गिरजाघर का सदस्य हो और दोनों माता-पिता बपतिस्मे और पुष्टिकरण की अनुमति देते हैं के बपतिस्मे के बाद उनका पुष्टिकरण होता है । धर्माध्यक्षता *या शाखा अध्यक्षता के निर्देशन में,* एक या अन्य पुरुष जिनके पास मलकिसिदक पौरोहित्य हो वे धर्मविधि को कर सकते हैं । वे अपना हाथ हल्के से, व्यक्ति के सिर पर रखते हैं । वह जो धर्मविधि करता है:

1. व्यक्ति को पूरे नाम से संबोधित करता है ।

2. कहता है धर्मविधि मलकिसिदक पौरोहित्य अधिकार द्वारा संपन्न की जा रही है ।

3. व्यक्ति को अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर के सदस्य होने की पुष्टि करता है ।

4. पवित्र आत्मा का उपहार यह कहकर प्रदान करता है, ''पवित्र आत्मा प्राप्त हो'' ।

5. आत्मा के निर्देशन में एक पौरोहित्य आशीष देता है ।

6. यीशु मसीह के नाम से समाप्त करता है ।

पौरोहित्य प्रदान करना और पौरोहित्य पदों पर नियुक्ति करना

धर्माध्यक्ष या शाखा अध्यक्ष हारूनी पौरोहित्य, और डीकन, शिक्षक, और याजक के पदों की नियुक्ति पर निरीक्षण करता है । एक व्यक्ति के हारूनी पौरोहित्य में एक पद के लिए नियुक्त होने से पहले, उसका धर्माध्यक्ष या शाखा अध्यक्ष के द्वारा

साक्षात्कार होना और योग्य पाया जाना चाहिए । उसका शाखा प्रभुभोज सभा में समर्थन भी होना चाहिए । शाखा अध्यक्ष के प्राधिकरण के साथ, एक याजक दूसरे व्यक्ति को हारूनी पौरोहित्य दे सकता है और हारूनी पौरोहित्य के एक पद पर उसे नियुक्त कर सकता है ।

स्टेक या मिशन अध्यक्ष मलकिसिदक पौरोहित्य और एल्डर और उप-याजक पदों की नियुक्ति पर निरीक्षण करता है ।

पौरोहित्य प्रदान करना या पौरोहित्य पद के लिए व्यक्ति को नियुक्त करने के लिए, दो या दो से अधिक पुरुष जिनके पास जरूरी पौरोहित्य हो और जिसके पास अध्याक्षिक अधिकारी द्वारा अधिकार हो वे अपने हाथ हल्के से व्यक्ति के सिर पर रखते हैं । तब एक जो धर्मविधि देता है:

1. व्यक्ति को उसके पूरे नाम से पुकारता है ।
2. उस अधिकार को कहता है (हारूनी या मलकिसिदक पौरोहित्य) जिसके द्वारा नियुक्ति की जा रही है ।
3. हारूनी या मलकिसिदक पौरोहित्य प्रदान करता है, अगर वह पहले प्रदान न की गई हो ।
4. व्यक्ति को हारून या मलकिसिदक पौरोहित्य के पद पर नियुक्त करता है और उसे अधिकार, शक्ति, और उसके पद के प्राधिकार को प्रदान करता है ।
5. आत्मा के निर्देशन में एक पौरोहित्य आशीष देता है ।
6. यीशु मसीह के नाम से समाप्त करता है ।

प्रभुभोज

प्रभुभोज एक बहुत ही पवित्र धर्मविधि है । प्रभुभोज को लेना यीशु मसीह के जीवन, शिक्षा, और प्रायश्चित को याद करने का मौका उपलब्ध कराता है । यही समय होता है प्रभु से बपतिस्मे के समय की गई अनुबन्धों के नवीनीकरण का (देखें मुसायाह 18:8–10) ।

शिक्षक और याजक प्रभुभोज को तैयार कर सकते हैं, याजक इसे आशीषित कर सकते हैं, और डीकन, शिक्षक, और याजक इसे बांट सकते हैं । भाई-बन्धु जिसके पास मलकिसिदक पौरोहित्य हो प्रभुभोज तैयार कर सकते हैं, उसे आशीषित कर सकते हैं, और बांट सकते हैं लेकिन साधारणतः तभी करते हैं जब बहुत कम हारूनी पौरोहित्य भाई-बन्धु उपस्थित हों । अगर व्यक्ति ने गंभीर उल्लंघन किया है, उसे तब तक प्रभुभोज को तैयार करना, आशीषित करना, या बांटना नहीं चाहिए जब तक कि वह पश्चाताप न कर ले और विषय को शाखा अध्यक्ष के साथ सुलझा न ले ।

वे जो प्रभुभोज को तैयार करते हें, आशीष देते हैं, या बांटते हैं वे प्रभु की तरफ से इस धर्मविधि का प्रबंध अन्यों के लिए करते हैं । प्रत्येक जिसके पास पौरोहित्य है इस कार्य को सत्यनिष्ठा, श्रद्धा भरे व्यवहार से करना चाहिए । उसे अच्छे से, सफाई से, और विनयपूर्वक होना चाहिए । उसका व्यक्तिगत प्रकटन धर्मविधि की पवित्रता का प्रतिबिंब होना चाहिए ।

भाई-बन्धु जो प्रभुभोज को तैयार करते हैं ऐसा सभा शुरू होने से पहले करें । वे बिना तुड़ी रोटी को साफ रोटी की थाली में रखते हैं और ताजे पानी से भरे प्रभुभोज के प्याले प्रभुभोज की मेज पर रखते हैं । वे रोटी और पानी को एक साफ, सफेद कपड़े से ढंकते हैं ।

प्रभुभोज स्तुतिगीत के दौरान, ये जो प्रभुभोज की मेज पर होते हैं रोटी की थाली से कपड़ा हटाते हैं और रोटी को छोट-छोटे टुकड़ों में तोड़ते हैं । स्तुतिगीत के बाद व्यक्ति जो रोटी को आशीषित करता है घुटने टेकता है और रोटी के लिए प्रभुभोज प्रार्थना बोलता है । भाई-बन्धु फिर उनको रोटी बांटते हैं जो श्रद्धा और आदर्श तरीके से उपस्थित होते हैं । अध्याक्षिक अधिकारी सभी से पहले प्रभुभोज प्राप्त करता है । जब उपस्थित सभी लोगों को रोटी को लेने का अवसर मिलता जाता है तो वे जो इसे बांटते हैं अपनी थालियों को वापस प्रभुभोज की मेज पर लाते हैं । वे जो प्रभुभोज को आशीषित करते हैं थालियों को रोटी बांटने के तुरन्त बाद दुबारा ढंक देते हैं ।

वे जो प्रभुभोज की मेज पर होते हैं पानी की थालियों से कपड़ा हटाते हैं । व्यक्ति जो प्रभुभोज को आशीषित करता है घुटने टेकता है और पानी के लिए प्रभुभोज प्रार्थना बोलता है । भाई-बन्धु फिर उनको पानी बांटते हैं जो उपस्थित होते हैं । थालियां प्रभुभोज की मेज पर वापस आती हैं और ढंक दी जाती है । भाई-बन्धु जो प्रभुभोज को आशीषित करते और बांटते हैं फिर समुदाय के साथ अपनी जगहों पर बैठ जाते हैं ।

प्रभुभोज गिरजाघर के सदस्यों के लिए है, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं । व्यक्ति जो सभा को संचालित कर रहा है उसे घोषणा नहीं करना चाहिए कि यह सिर्फ सदस्यों को बंटेगा; ऐसा कुछ भी नहीं होना चाहिए जो असदस्यों को इसे लेने से दूर रखे ।

प्रभुभोज की प्रार्थनाएं साफ, सही, और प्रतिष्ठित बोली जानी चाहिए । अगर व्यक्ति जो प्रभुभोज को आशीषित करता है शब्द में कोई गलती करता है और इसे अपने आप सही नहीं करता, तब धर्माध्यक्ष या शाखा अध्यक्ष उससे प्रार्थना दोहराने और इसे सही से कहने के लिए कहता है ।

रोटी पर प्रार्थना इस प्रकार हैः

''हे परमेश्वर, अनन्त पिता, हम आपके पुत्र, यीशु मसीह के नाम से मांगते हैं, इस रोटी को आशीषित और शुद्ध कर उन सब की आत्माओं के लिए जो इसे लेते हैं, ताकि वे इसे खाते हुए आपके पुत्र के शरीर को याद करें, और आपको गवाही दें, हे परमेश्वर, अनन्त पिता, कि वे अपनी इच्छानुसार आपके पुत्र का नाम अपने ऊपर लें, और सदा उसे याद करें और उसकी दी हुई आज्ञाओं का पालन करें जो उसने उन्हें दी है, ताकि उनके साथ हमेशा उसकी आत्मा रहे । आमीन'' । (सि. और अनु. 20:77 और मरोनी 4।

पानी पर प्रार्थना इस प्रकार हैः

''हे परमेश्वर, अनन्त पिता, हम आपके पुत्र, यीशु मसीह के नाम से मांगते हैं, इस पानी को आशीषित और शुद्ध कर उन सब की आत्माओं के लिए जो इसे पीते हैं, ताकि वे इसे पीते हुए आपके पुत्र के लहू को याद करें, और जो उनके लिए बहाया गया था, ताकि वे आपको गवाही दें, हे परमेश्वर, अनन्त पिता, ताकि वे हमेशा उसे याद करें, ताकि उनके

साथ हमेशा उसकी आत्मा रहे । आमीन'' ।
(सि. और अनु. 20:79 और मरोनी 5) ।

सभा समाप्त होने के बाद प्रभुभोज को मेज पर से जल्द से जल्द हटा देना चाहिए । कोई रोटी बच जाती है तो उसे खाने में उपयोग कर सकते हैं ।

प्रभुभोज पर आशीष और बांटने के लिए अध्याक्षिक अधिकारी के प्राधिकरण की आवश्यकता होती है ।

तेल पवित्र करना

एक व्यक्ति (या अधिक) जिनके पास मलकिसिदक पौरोहित्य हो शुद्ध जैतून के तेल को बीमारों या पीड़ितों के अभिषेक के लिए पवित्र उद्देश्य में पवित्र कर सकते हैं । वह एक जो तेल को पवित्र करता है:

1. जैतून तेल का खुला डिब्बा पकड़ता है ।
2. हमारे स्वर्गीय पिता को संबोधित करता है ।
3. कहता है कि मलकिसिदक पौरोहित्य के अधिकार के द्वारा कार्य कर रहा है ।
4. तेल को पवित्र करता है (डिब्बों को नहीं) और बीमारों और पीड़ितों के अभिषेक के लिए उसे नियुक्त करता है ।
5. यीशु मसीह के नाम से समाप्त करता है ।

बीमारों को आशीष देना

सिर्फ वही व्यक्ति जिसके पास मलकिसिदक पौरोहित्य है, बीमारों और पीड़ितों को आशीष दे सकता है । साधारणतः, दो या अधिक लोग इकट्ठे होकर आशीष दे सकते हैं, परन्तु एक अकेला भी कर सकता है । अगर पवित्र तेल उपलब्ध नहीं है, एक व्यक्ति जिसके पास मलकिसिदक पौरोहित्य है वह उसे पौरोहित्य अधिकार से आशीष दे सकता है ।

पिता जिसके पास मलकिसिदक पौरोहित्य हो वह अपने परिवार के बीमार सदस्यों को आशीष दे सकता है । वह अन्य दूसरे से जिसके पास मलकिसिदक पौरोहित्य हो उसको अपना साथ देने के लिए कह सकता है ।

बीमारों को आशीष देने के दो भाग हैं: (1) तेल से अभिषेक करना और (2) अभिषिक्त को मुहरबंद करना ।

तेल के साथ अभिषेक करना

एक व्यक्ति जिसके पास मलकिसिदक पौरोहित्य हो वह बीमार व्यक्ति का अभिषेक करता है । ऐसा करने पर, वह:

1. व्यक्ति के सिर पर पवित्र तेल की एक बूंद डालता है ।
2. अपने हाथ हल्के से, व्यक्ति के सिर पर रखकर उसे उसके पूरे नाम से पुकारता है ।
3. कहता है कि वह व्यक्ति का अभिषेक मलकिसिदक पौरोहित्य के अधिकार द्वारा कर रहा है ।
4. कहता है कि वह तेल के साथ अभिषेक करता है जोकि बीमारों और पीड़ितों को आशीष देने के लिए पवित्र किया गया है ।

5. यीशु मसीह के नाम से समाप्त करता है ।

अभिषिक्त को मुहरबंद करना

साधारणतः दो या अधिक व्यक्ति के पास मलकिसिदक पौरोहित्य हो अपने हाथ हल्के से बीमार व्यक्ति के सिर पर रखते हैं । व्यक्तियों में से एक अभिषिक्त को मुहरबंद करता है । ऐसा करने के लिए, वहः

1. व्यक्ति को उसके पूरे नाम से पुकारता है ।
2. कहता है कि वह मलकिसिदक पौरोहित्य अधिकार के द्वारा अभिषिक्त को मुहरबंद कर रहा है ।
3. आत्मा के निर्देशन में एक आशीष देता है ।
4. यीशु मसीह के नाम से समाप्त करता है ।

पिता का आशीर्वाद और अन्य आराम और सलाह की आशीषें

पिता का आशीर्वाद और अन्य पौरोहित्य आशीषें आत्मा के नेतृत्व द्वारा आराम और निर्देशन में दी जाती हैं ।

पिता जो मलकिसिदक पौरोहित्य धारक है वह अपने बच्चों को पिता का आशीर्वाद दे सकता है । ऐसा आशीर्वाद विशेषकर सहायक होता है जब बच्चे घर से दूर जाते हैं, जैसे कि विद्यालय जाते हैं या मिशन पर जाते हैं, या जब वे रोजगार शुरू करते हैं, शादी करने जा रहे हों, देश सेवा में जा रहे हों, या कोई व्यक्तिगत चुनौती का सामना करने जा रहे हों । यह आशीषें परिवार के लिए महान शक्ति प्रादन करती हैं । परिवार पिता के आशीर्वाद को पारिवारिक लेख में रख सकता है, परन्तु यह गिरजाघर के लेख में नहीं रखा जाता है । माता-पिता को बच्चों को पिता का आशीर्वाद जरूरत के समय लेने में प्रोत्साहित करना चाहिए ।

योग्य व्यक्ति जिनके पास मलकिसिदक पौरोहित्य हो वे आराम और सलाह की आशीष अपनी पत्नियों को, परिवार के अन्य सदस्यों को, और अन्य जो निवेदन करते हैं उन्हें दे सकते हैं ।

पिता के आशीष या अन्य आराम या सलाह की आशीष को देने के लिए, एक व्यक्ति जिसके पास मलकिसिदक पौरोहित्य होता है, या तो अकेले या फिर एक या ज्यादा व्यक्ति, जिनके पास मलकिसिदक पौरोहित्य हो, अपने हाथ को हल्के से व्यक्ति जो आशीष ले रहा हो के सिर पर रखते हैं । इस प्रकार के आशीर्वाद के लिए तेल की आवश्यकता नहीं है । वह व्यक्ति जो आशीष दे रहा हैः

1. व्यक्ति को उसके पूरे नाम से पुकारता है ।
2. कहता है कि वह उसे मलकिसिदक पौरोहित्य के अधिकार के अंतर्गत आशीष दे रहा है ।
3. आत्मा के निर्देशन में एक आशीष देता है ।
4. यीशु मसीह के नाम से समाप्त करता है ।

कब्रों का समर्पण करना

व्यक्ति जो कब्रों का समर्पण करता है उसके पास मलकिसिदक पौरोहित्य होना जरूरी है और *पौराहित्य अधिकारी द्वारा प्राधिकृत होता है जो सभा का संचालन करता है ।*

कब्र का समर्पण करने के लिए वहः

1. स्वर्गीय पिता को संबोधित करता है ।
2. कहता है कि वह कब्रों का समर्पण मलकिसिदक पौरोहित्य अधिकार के अंतर्गत कर रहा है ।
3. दफन करने वाली जगह को मृतक के शरीर के आराम के लिए समर्पण और पवित्र करता है ।
4. जहां उचित हो, प्रार्थना करता है उस जगह और उसकी रक्षा के लिए जब तक उनका पुनरुत्थान हो ।
5. प्रभु से परिवार के आराम और अन्य विचारों को आत्मा के निर्देश में करने के लिए मांगता है ।
6. यीशु मसीह के नाम से समाप्त करता है ।

अगर परिवार चाहे, एक व्यक्ति (जिसके पास मलकिसिदक पौरोहित्य हो) समर्पणात्मक प्रार्थना करने के बदले कब्र के बगल में प्रार्थना कर सकता है ।

गिरजाघर की सामग्रियों को प्राप्त करना और पारिवारिक इतिहास पर सूचना का पता लगाना

स्थानीय मार्गदर्शक और अन्य सदस्य गिरजाघर की सामग्रियों को प्राप्त कर सकते हैं, जिनमें धर्मशास्त्र, अध्ययन का पाठयक्रम, गिरजाघर पत्रिकाएं, गारमेन्ट, और मन्दिर के कपड़े, उनके गिरजाघर वितरण केन्द्र या सेवा केन्द्र से, सॉल्ट लेक वितरण केन्द्र से, या गिरजाघर की आधिकारिक इन्टरनेट साईट के द्वारा, जो www.lds.org पर स्थित है ।

पारिवारिक इतिहास कार्य पर सूचना गिरजाघर पारिवारिक इतिहास इन्टरनेट साईट पर है, जो www.familysearch.org पर स्थित है ।

अन्तिम-दिनों के सन्तों का

यीशु मसीह

का गिरजाघर

HINDI
4 02311 80294 4
31180 294